भाजपा का रीट मामले में सिविल लाइन फाटक पर प्रदर्शन

प्रदर्शन के दौरान बैरिकेट्स तोड़कर सिविल लाइंस फाटक पर जा रहे थे भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ता

रीट पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया के नेतृत्व में छात्र और कार्यकर्ताओं ने बैरिकेट्स तोड़कर सिविल लाइंस फाटक जाने का प्रयास किया।

लाठीचार्ज में घायल भाजपा कार्यकर्ता

जयपुर। रीट में हुई धांधली को लेकर विपक्ष लगातार हमलावर होता जा रहा है। रीट भर्ती परीक्षा मामले की सीबीआई जांच को लेकर भाजयुमो ने मंगलवार को सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। भाजपा मुख्यालय से सिविल लाइन कूच कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका तो हंगामा खड़ा हो गया। कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया जिसमें कुछ कार्यकर्ताओं के चोटें आई हैं। कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार से उन्हें रोकने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओ के साथ सिविल लाइन्स फाटक पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया और उन्हें लेकर झोटवाड़ा थाने पहुंची, जहां पूनिया सीबीआई जांच की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि इस प्रकरण में भले ही एसओजी ने 35 लोगों को गिरफ्तार किया हो। जो लोग इस प्रकरण से जुड़े हुए हैं इसमें बड़े नेता भी शामिल हैं। जिन्हें सरकार संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सीबीआई की जांच होने से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। इसके जिम्मेदार स्वयं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत है जिन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए।

भाजयुमो कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सिविल लाइन फाटक पर जाने के लिए लगाए गए बैरीकेट्स को गिराकर कार्यकर्ता सिविल लाइन फाटक की तरफ जाने लगे। पुलिस ने उन्हें आइनोक्स की तरफ से जाने के लिए कहा, लेकिन कई कार्यकर्ता बैरीकेट्स के उपर चढ़ गए और

- पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर किया लाठीचार्ज
- मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए : पूनिया

बैरीकेट्स को हटाने लगे। इस पुलिस ने कार्यकताओं को रोकने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ के चलते कार्यकर्ताओं ने बैरीकेट्स हटाने शुरु किए इस पर पुलिस ने लाठीचार्ज शुरु कर दिया। इससे कई कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों को भी चोट आई हैं।

जयपुर शहर अध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी का कहना है कि भाजपा प्रदेश कार्यालय से रवाना हुए थे। शांति के साथ सभी महिला खड़ी थी। भाईयों को लाठी मारना शुरु कर दिया। जब हम आए तो यहां चार घोड़े पर पुलिस वाले बैठे हुए थे। ये लोग आए और भाईयों के साथ मारपीट के बाद कार्यकर्ता आरती के हाथ पर डंडा मार दिया। फिर मेरे गर्दन पर डंडा मार दिया। अनुराधा का कहना है कि महिला पुलिसकर्मी साथ में नहीं थी। गहलोत के राज में गूंगी बहरी महिला सुरक्षित नहीं तो फिर हमारी बिसात क्या है। हम बेरोजगारी के लिए लड़ रहे थे, लेकिन पुलिस वालों ने हमारे साथ मारपीट की। जो महिला कार्यकताएं घायल हुई उनमें वृत्तिका, वंशिका, परनामी है। वहीं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आरती सिंह ने बताया कि हम बेरोजगारी के लिए शांति पूर्वक अपनी मांग के लिए आए थे, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उनके साथ मारपीट की। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार को चाहिए था कि वह उनकी बात शांतिपूर्वक सुनते। लेकिन उन्होंने पुलिस को लाठीचार्ज के आदेश दिए। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राज में महिलाओं के साथ इस तरह मारपीट करना शोभा नहीं देता। वह उनकी बात सुनते और शांतिपूर्वक समाधान निकालते। इस दौरान पुलिस के साथ भाजयुमो कार्यकर्ताओं की धक्का मुक्की से कई पुलिसकर्मियों की वर्दी फट गई तो कई लोगों के हाथ में चोट तो किसी के पैर में चोट आई हैं। किसी के सिर में तो किसी के पीठ में चोट लग गई। वही शाम को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, घनश्याम तिवाड़ी घायल कार्यकर्ताओं से मिलने एसएमएस के ट्रॉमा सेंटर पहुंच कर मुलाकात की।

'नौजवानों को न्याय दिलाने के लिए सदन में भी सरकार को घेरेंगे'

जयपुर। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया ने कहा कि हम नौजवानों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रीट के अभ्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वह सोशल मीडिया से बाहर आए और युवा मोर्चा के आंदोलन को सड़कों पर समर्थन दें। भाजपा सड़क पर और कानूनी कार्यवाही लड़ने के लिए तैयार है। जब तक सीबीआई जांच नहीं होती, तब तक हम इस निकम्मी सरकार को सदन में भी घुटने टेकने पर मजबूर कर देंगे।

उन्होंने कहा कि 16 लोग शामिल हुए थे। 16 हजार भी सड़कों पर आ गए तो मेरा दावा है कि यह सरकार गिर जाएगी और रीट का न्याय भी हो जाएगा। इस आंदोलन को लेकर हमारी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है, हमने सभी नौजवानों को साथ लेकर इस आंदोलन का आगाज किया है, ना भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता युवा मोर्चा का अभिमान है। जो नौजवानों को न्याय दिला सके हम नैतिक रुप से उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के दृश्य मैने कभी नहीं देखे और मेरे से पहले के लोग भी यही कहते हैं कि इस तरह की धांधली उन्होंने भी पहले कभी नहीं देखी। कांग्रेस पार्टी अपने अस्तित्व की राजस्थान में आखिरी लड़ाई लड़ रही है। उन्हें लगता है कि दुबारा सरकार नहीं आएगी जितना लूट सकते हो लूट लो। जितने कांग्रेस के लोगों को भर्ती कर सकते हो भर्ती कर लो। मेरा इस खुले मंच से ऐलान है उनको चुनौती है। मुझे डर है कि अगर सही तरीके से जांच नहीं होती है, सरकार संरक्षण देती है तो लाखों विद्यार्थियों को नौकरी से वंचित होना पड़ सकता है।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्य की गहलोत सरकार को तानाशाह करार दिया है। मंगलवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया की गिरफ्तारी पर शेखावत ने कहा कि गहलोत सरकार ने एक बार फिर जनता की आवाज दबाने की तानाशाही दिखाई है। रीट परीक्षा धांधली की सीबीआई जांच राजस्थान के हर जागरूक नागरिक की मांग है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डॉ. सतीश पूनिया इसके लिए ही शांतिपूर्वक लोकतांत्रिक प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन उन्हें गिरफ्तार करवाकर गहलोत जी ने साबित किया कि दाल में काला नहीं, पूरी दाल ही काली है।

हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पर राज्यपाल ने रोक लगाई

जयपुर। कुलाधिपति व राज्यपाल कलराज मिश्र ने हरिदेव जोशी पत्रकारिता व जनसंचार विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती पर रोक लगा दी है। यह कदम नियमों, मापदंडों व योग्यता की अनिवार्य शर्तों को लांघकर अपनाई जा रही भर्ती प्रक्रिया पर पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी द्वारा जताई गई आपत्ति और अखबारों में छपी खबरों पर संज्ञान लेते हुए उठाया गया है।

देवनानी ने राज्यपाल को 21 जनवरी को लिखे पत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति ओम थानवी द्वारा मनमाने तरीके से भर्ती प्रक्रिया को अंजाम दिए जाने का विस्तार से खुलासा किया था। इस पर जयपुर में विभिन्न अखबारों में खबरें भी छपी थीं। राज्यपाल मिश्र ने भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने के आदेश दिए। राज्यपाल के प्रमुख सचिव सबीर कुमार ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। देवनानी ने राज्यपाल को लिखे पत्र में कहा था कि नियमानुसार कोई भी पद विज्ञापित करने से पूर्व उस पर लागू होने वाले आरक्षण और रोस्टर के आलोक में परीक्षण करना आवश्यक होता है। उन पर प्राप्त आपत्तियों को निस्तारित करने के बाद ही विज्ञापन जारी किया जाता है। विभिन्न शैक्षिणक पदों पर विज्ञापन से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा वेबसाइट पर रोस्टर कैलेण्डर चस्पा कर उन पर आपत्तियां मांगी गई। अन्य लोगों के साथ विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने भी आरक्षण प्रावधानों को लेकर आपत्ति दर्ज कराई थी।

प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी और कमी आई

राज्य में मंगलवार को 6212 नए संक्रमित मिले, जबकि सोमवार को 6369 रोगी सामने आए थे

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में मंगलवार को भी करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी और कमी आई है। इस दौरान राज्य में 6212 नए संक्रमित मिले हैं। जबकि 10 हजार से ज्यादा मरीज ठीक हुए हैं। इस बीच प्रदेश में करोना से 20 और लोगों की मौत हुई है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 157 और मामले कम आने के साथ ही 6212 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले 6369 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी नए संक्रमितों की संख्या में और गिरावट आई है। मंगलवार को जिले में 1230 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 633, उदयपुर में 495, अलवर में 410, चित्तौड़गढ़ में 396, कोटा में 320, भरतपुर में 248, गंगानगर में 233, भीलवाड़ा में 192, हनुमानगढ़ में 178, अजमेर में 168, सीकर में 158, टोंक में 132, प्रतापगढ़ में 127, राजसमंद में 123, चूरू में 117, सवाई माधोपुर में 109 और झालावाड़ में 102, बीकानेर में 95, जैसलमेर व नागौर में 94-94, बाड़मेर में 89, डूंगरपुर में 87, बूंदी में 82, धौलपुर में 77, बारां में 49, बांसवाड़ा में 44, झुंझुनूं में 40, दौसा में 39, सिरोही में 27, पाली में 11, जालौर में 10 और करौली में 3 नए संक्रमित मिले हैं। इसके साथ ही राज्य में अब तक 12 लाख 12 हजार 633 संक्रमित सामने आ चुके हैं। इनमें से 11 लाख 40 हजार 309 लोग स्वस्थ भी हो चुके है। राज्य में फिलहाल रिकवरी रेट फिर बढ़कर 94.03 फीसदी पर पहुंच गई है। वहीं संक्रमण दर 10.78 प्रतिशत दर्ज की गई है। इधर राज्य में मंगलवार को भी 10 हजार 173 संक्रमित ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 63 हजार 36 रहे गए हैं। राजधानी जयपुर में भी इनकी संख्या घटकर 15 हजार 549 पर आ गई है। उधर प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से 20 और मरीजों की मौत हो गई है। इनमें जयपुर में 4, करौली, नागौर, पाली, सीकर और उदयपुर में 2-2, टोंक, सिरोही, झुंझुनूं, दौसा, चित्तौड़गढ़ और बांसवाड़ा में 1-1 मरीज की मौत हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9288 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

राजधानी में मंगलवार को 93 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सर्वाधिक 75 नए मरीज झोटवाड़ा इलाके में मिले है। इसके अलावा आमेर में 49, फागी में 56, गोविन्दगढ़ में 61 नए संक्रमित मिले हैं। शेष स्थानों पर इससे कम मरीज सामने आए। वहीं आज भी 41 मरीज ऐसे रहे जिन्हें अज्ञात की श्रेणी में रखा गया है। जिले में इस बीच 2416 मरीज रिकवर हुए हैं।

- जयपुर में भी थोड़ी गिरावट के बाद 1230 नए संक्रमित मिले हैं।
- प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 10 हजार से ज्यादा मरीज ठीक होने के साथ ही एक्टिव केस घटकर 63036 रह गए हैं।
- राज्य में मंगलवार को करोना से 20 और लोगों की मौत हो गई है।

सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में कर्मचारी महत्वपूर्ण कड़ी : मुख्यमंत्री

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि हमारी सरकार राज्य कर्मचारियों के हित में सदैव तत्पर रही है। अधिकारी-कर्मचारी राज्य सरकार का अभिन्न अंग हैं और वे सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के निचले स्तर तक प्रभावी क्रियान्वयन में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

गहलोत मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न कर्मचारी महासंघों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट को समावेशी एवं लोक कल्याणकारी स्वरूप देने की दिशा में राज्य सरकार सभी वर्गों के सुझाव ले रही है। इसी क्रम में कर्मचारी महासंघों को भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया गया है। इन सुझावों के आधार पर सरकार को कर्मचारी वर्ग के हित में फैसले लेने में मदद मिलेगी।

इधर राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी ने मुख्यमंत्री के समक्ष नर्सेज की महत्वपूर्ण मांगों को बजट में शामिल करने की मांग रखी। प्रदेश महामंत्री सुनील शर्मा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष से संवाद के दौरान नर्सेज संवर्ग की प्रमुख मांगे मैस भत्ता 1200 से बढ़ाकर 2250 करने, महिला नर्सिंग कर्मियों के छोटे बच्चों के लिए अस्पताल में क्रैच खोलने, 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाल करने, नर्सिंग पदनाम का शीघ्र नोटिफिकेशन जारी करने, नए नर्सिंग महाविद्यालय में पदों का सृजन करने, करोना काल की प्रोत्साहन राशि को शीघ्र दिलाने, ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत नर्सेज को दवाई लिखने का अधिकार देने और ग्रामीण भत्ता दिलाने, नर्सेज स्टूडेंट का स्टाइ फंड बढ़ाने, नर्सिंग संवर्ग की समयबद्ध पदोन्नित की बजट में घोषणा की जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने नर्सेज पदाधिकारियों को नर्सेज द्वारा करोना काल में की गई सेवाओं की प्रशंसा करते हुए उनकी मांगों को बजट में शामिल करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार ने को अपने निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न कर्मचारी महासंघों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद को संबोधित किया।

एलआईसी के जीवन अक्षय और न्यू जीवन शांति योजना में संशोधन

जयपुर, (का.सं.)। भारतीय जीवन बीमा निगम ने 1 फरवरी से अपनी वार्षिकी योजनाओं के संबंध में एलआईसी की जीवन अक्षय और एलआईसी की नई जीवन शांति की वार्षिकी दरों को संशोधित किया है। संशोधित वार्षिकी दरों के साथ इन योजनाओं का संशोधित संस्करण विक्रय के लिये 1 फरवरी से उपलब्ध होगा। एल.आई.सी की न्यू जीवन शांति के दोनों वार्षिकी विकल्पों के तहत वार्षिकी राशि की गणना कैल्क्यूलेटर के माध्यम से, जो एल आइ सी की वेबसाइट पर उपलब्ध है, और साथ-साथ विभिन्न एलआईसी ऐप्स के माध्यम से भी की जा सकती है।

वार्षिकी दरों में संशोधन के अलावा एलआईसी के जीवन अक्षय को अन्य मौजूदा वितरण चैनलों के साथ नए वितरण चैनल कॉमन पब्लिक सर्विस सेंटर से खरीदा जा सकता है। यह दोनों प्लान ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से उपलब्ध हैं।

मोदी सरकार के बजट से सभी वर्ग आत्मनिर्भर बनेंगे : डॉ. पूनिया

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने केन्द्र की मोदी सरकार के लोक कल्याणकारी बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार का बजट युवाओं, किसानों, महिलाओं सहित सभी वर्गों के लोक कल्याण एवं उत्थान को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है, जिससे हर वर्ग स्वाभिमान के साथ आर्थिक उन्नति के साथ आत्मनिर्भर बनेगा।

डॉ. पूनिया ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की पांच बड़ी नदियों को जोड़ने का बड़ा ऐलान किया है, जिससे देश के किसान भाईयों की 9 लाख हैक्टेयर भूमि को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा एवं नाबार्ड के जरिए कृषि स्टॉर्टअप योजना को बढ़ावा मिलेगा, जो कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी निर्णय साबित होगा।

हर वर्ष 25 हजार किलोमीटर सड़क बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। टीवी के माध्यम बच्चों को स्थानीय भाषा में शिक्षा देने का प्रावधान किया है। छोटे एवं मध्यम उद्योगों को 2 लाख करोड़ के ऋण का प्रावधान किया तथा ऑनलाइन माध्यम से एक राष्ट्र, एक रजिस्ट्री का भी निर्णय लिया गया है। बजट से देश के विकास को बुनियादी तौर पर नई दिशा मिलेगी, जिससे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्था वाले देशों में शामिल होगी।

राज्यसभा सांसद ओम माथुर ने आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि समावेशी विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुन्धरा राजे ने कहा है कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच को साकार करने और आम आदमी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला है। नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि बजट से किसानों की आय दोगुनी होगी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। वही उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि मोदी सरकार 2.0 का तीसरा आम बजट 2022-23 सवा सौ करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं पर आधारित सर्व-समावेशी, अभूतपूर्व एवं आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने वाला साबित होगा एवं कोविड महामारी की चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था के लिए बूस्टर डोज होगा। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि सीतारमण द्वारा पेश आत्मनिर्भर भारत का बजट 130 करोड़ भारतीयों को परिवर्तनकारी लाभ देगा।

आम बजट आम आदमी के लिए निराशाजनक : पायलट

जयपुर, (का.प्र.)। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संसद में प्रस्तुत आम बजट आम आदमी के लिए पूरी तरह से निराशाजनक रहा है। उन्होंने कहा कि "महंगाई सहित-रोजगार रहित" इस बजट और जीडीपी से देश का युवा हताश और निराश हुआ है क्योंकि जीडीपी का अधिकतर हिस्सा पूंजीपतियों की जेब में जा रहा है।

उन्होंने कहा कि गरीबों, युवाओं और बेरोजगारों के लिए बजट में एक शब्द भी नहीं बोला गया। आजादी के अमृतकाल के नाम से 25 वर्षों का विजन पेश किया गया है, जबकि इस कार्यकाल के 3 वर्षों सहित पिछले 7 सालों की घोषणाओं का कोई हिसाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता में आने पर 5 वर्षीय योजना को समाप्त कर दिया और अब 25 वर्षों का विजन दे रही है।

उन्होंने कहा कि एमएसपी पर खरीद की गारंटी की घोषणा नहीं होने से किसानों में भारी निराशा है और यह 700 किसानों के बलिदान का अपमान है।

कृषि के लिए बजट में कोई ठोस घोषणा नहीं है। पिछले साल एमएसपी खरीद पर 2.42 लाख करोड़ खर्च हुए जबकि इस साल 2.37 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है।

पायलट ने कहा कि चीन से खतरे को देखते हुए, रक्षा खर्च में कमी करना और 2014 की तुलना में इसका जीडीपी के 2.6 प्रतिशत से घटकर 2.2 प्रतिशत रह जाना बहुत ही चिंताजनक है। सवा लाख पदों को खाली रखकर सरकार देश की सुरक्षा से समझौता कर रही है।

उन्होंने कहा कि 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का वादा करने वाली सरकार ने बजट भाषण में 15 लाख नौकरी देने की सूचना दी है और अगले 5 साल में 60 लाख नई नौकरी का वादा किया है। सरकार की युवाओं और बेरोजगारों के साथ इससे बड़ी वादाखिलाफी हो नहीं सकती। वित्तीय घाटे के 6.8 प्रतिशत तक पहुंच जाना यह प्रमाणित करता है कि देश की अर्थव्यवस्था बहुत कठिन दौर से गुजर रही है और रिजर्व बैंक से लगातार नकदी छापकर काम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मार्च 2014 में देश पर कर्ज 53 लाख करोड़ था जो अब 136 लाख करोड़ हो चुका है, भाजपा सरकार के पास इसका कोई जवाब नहीं है।

बजट घोर निराशाजनक: डॉ. कल्ला

जयपुर, (का.सं.)। शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने कहा कि संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत बजट सभी वर्गों के लिए घोर निराशाजनक है।

डॉ. कल्ला ने कहा कि करोना के कारण विषम परिस्थितियों से गुजर रही देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की बात हो या बेरोजगारी की मार झेल रहे युवा एवं महंगाई से त्रस्त आमजन, गरीब, किसान व प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारी हो या फिर श्रमिक वर्ग, सभी लोग अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2022 तक किसानो की आय दुगनी करने का वादा किया था। जब ये सरकार पहली बार आई तो युवाओं को हर साल दो करोड़ रोजगार देने के सपने दिखाए गए थे। जनता से किए ऐसे कई वादों की कसौटी पर लगातार नाकामयाब रही केंद्र सरकार के इस बजट में एक बार फिर सभी लोगो की उम्मीदों को ठेंगा दिखाते हुए महंगाई, बेरोजगारी बढ़ाने वाला घाटे का बजट पेश किया गया है जो मात्र कॉरपोरेट घरानों की आय में इज़ाफा करने वाला साबित होगा।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक : जविप्रा /उपा./ जोन -14/2022/डी- 1941
सार्वजनिक सूचना दिनांक :- 24.1.22
जविप्र की योजना सालिगरामपुरा के भू.सं. A-316 क्षे. 162.00 व.मी. की लीजडीड क्रमांक 182 दिनांक 30.03.2000 को श्रीमती कृष्णा भार्गव पत्नी श्री प्रेमचन्द भार्गव के पक्ष में जारी की गई है। लीजडीडधारिया द्वारा पंजीकृत मुख्त्यारनामा आम दिनांक 22.08.2005 को श्री दिपेन्द्र तोमर पुत्र श्री तिलक सिंह को नियुक्त किया गया। श्री दिपेन्द्र तोमर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15.09.2005 को श्रीमती प्रेमवती शर्मा पत्नी स्व. डॉ. राधेश्याम शर्मा एवं श्री कृष्णगोपाल शर्मा पुत्र श्री डॉ. राधेश्याम शर्मा को बेचान किया गया। श्रीमती प्रेमवती शर्मा की मृत्यु दिनांक 05.06.2020 का मृत्यु प्रमाण पत्र, अपंजीकृत वसीयतनामा, शपथ पत्र अनुसार श्री कृष्णगोपाल शर्मा, पुत्र स्व. श्री डॉ राधेश्याम शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी कराने हेतु आवेदन किया गया है। अत: उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर कार्यालय समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-14 जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर।

जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक : ( ) जविप्रा /जोन -11/2022/डी-II दिनांक :- 3.1.22
विज्ञप्ति सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शिव कुमार शर्मा पुत्र श्री राम किशोर शर्मा द्वारा इंदिरा विकास गृह निर्माण सहकारी समिति की आवासीय योजना अशोक विहार ब्लॉक ए के भूखण्ड सं. 17 क्षेत्रफल 222 वर्गगज का पट्टा जारी किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। उक्त इंदिरा विकास गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा आवासीय योजना अशोक विहार ब्लॉक ए के भूखण्ड सं. 17 क्षेत्रफल 222 वर्गगज का आवंटन पत्र दिनांक 09.06.1999 को श्री शिव कुमार शर्मा पुत्र श्री राम किशोर शर्मा के पक्ष में जारी की गई था। परंतु सहकारिता प्रकोष्ठ द्वारा प्रमाणित सदस्यता सूची में उक्त भूखण्ड सं. ए -17 पर श्रीमती शशि जैन पत्नी श्री महावीर जैन का नाम अंकित है। अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवंटन पत्र एवं समिति द्वारा जारी पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का पट्टा श्री शिव कुमार शर्मा पुत्र श्री राम किशोर शर्मा के पक्ष में किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को जोन कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि पश्चात् प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी। उक्त विज्ञप्ति आज दिनांक 03.1.22 मेरे हस्ताक्षर से जारी की गई है।
उपायुक्त जोन-11, जविप्र, जयपुर

राजस्थान आवसन मंडल, वृत- प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांकः- 14941 जाहिर आम सूचना दि.31.1.2022
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 52/588 (MIG-B) का आवंटन श्री महेन्द्र कुमार माथुर पुत्र स्व. श्री माधो लाल माथुर को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 6454 दिनांक 28-12-2001 को जारी किया गया था। जिसका भौतिक कब्जा दिं. 17.01.2002 को प्राप्त किया गया। श्री महेन्द्र कुमार माथुर की मृत्यु दिं. 13.05.2020 को हो जाने के कारण उनकी पुत्रवधु श्रीमती सोनल माथुर पत्नी स्व. श्री अंकुर माथुर द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती सोनल माथुर पत्नी स्व. श्री अंकुर माथुर का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
संपदा प्रबंधक, वृत-प्रथम, राज. आवा. मं. जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-14965 दिनांक-1.02.2022
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना ने आवास/फ्लैट संख्या 18/E/302,(3-F) (MIG-A), (एरिया 43.840 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री रवीन्द्र कुमार जाँगिड़ पुत्र श्री मोहन लाल जाँगिड़ को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 8502 दिनांक 26.12.2016 को जारी किया गया। श्री रवीन्द्र कुमार जाँगिड़ की मृत्यु दिनांक 30.11.2021 हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती रोहिणी शर्मा पत्नी स्व. श्री रवीन्द्र कुमार जाँगिड़ द्वारा उक्त आवास/फ्लैट को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती रोहिणी शर्मा पत्नी स्व. श्री रवीन्द्र कुमार जाँगिड़ का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, राजस्थान आवासन मण्डल वृत प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

आम सूचना का खण्डन
दिनांक 30.01.2022 को राष्ट्रदूत अखबार में प्रभूनारायण शर्मा पुत्र स्व. श्री नाथूराम जी निवासी-ए-29, शिव नगर, मंदिर मार्ग, मुरलीपुरा जयपुर की ओर से श्री चन्द्रशेखर दाधीच एडवोकेट द्वारा प्रकाशित आम सूचना का मेरे अभिभाष्यगण (1) सत्यनारायण पुत्र स्व. श्री प्रहलादराय एवं (2) प्रकाश शर्मा पुत्र स्व. श्री मदनलाल जी निवासीगण-म.न.29, शिवनगर, मुरलीपुरा जयपुर की ओर से खण्डन किया जाता है। मकान नं. 29, शिवनगर मुरलीपुरा जयपुर (क्षेत्रफल 447.45 वर्गगज) शामलाती नहीं है बल्कि मेरे उक्त दोनो अभिभाष्यगण के पिता के स्वामित्व (जे.डी.ए. पटटा) का है जिनके देहान्त के बाद मेरे उक्त अभिभाष्यगण बतौर स्वामी काबिज है। उक्त मकान नं 29, के कुछ पोर्शन में प्रभूनारायण शर्मा केवल मात्र मेरे अभिभाष्यगण की इजाजत से बतौर लाइसेंसी काबिज है। प्रभूनारायण शर्मा द्वारा बदनियतिपूर्वक उक्त सम्पत्ति को हडपने के लिये उक्त आम सूचना प्रकाशित कर मेरे उक्त अभिभाष्यगण के मकान नं 29 के मालिकाना अधिकारो पर कुठाराघात किया है इस कारण रिहायश हेतु उन्हे दिया गया लाइसेंस निरस्त किया जाता है एंव निष्कासन एवं मिन्स प्रोफिट की वूसली हेतु कानूनी कार्यवाही की जा रही है। मेरे उक्त अभिभाष्यगण उक्त सम्पत्ति मकान नं 29, शिन नगर, मुरलीपुरा जयपुर के बहैसियत मालिक हर प्रकार से उपयोग उपभोग करने व अन्तरित करने हेतु स्वंतत्र एवं कानूनन अधिकारी है, सूचित रहे।
तनूप कुमार गुर्जर (एडवोकेट) मो. 9829856110

आम सूचना का खण्डन
दिनांक 30.01.2022 को राष्ट्रदूत अखबार में प्रभूनारायण शर्मा पुत्र स्व. श्री नाथूराम जी निवासी-ए-29, शिव नगर, मंदिर मार्ग, मुरलीपुरा जयपुर की ओर से श्री चन्द्रशेखर दाधीच एडवोकेट द्वारा मकान नं ए-29 एंव अप्रत्यक्ष रूप से भूखंड संख्या 30 के सबंध में प्रकाशित आम सूचना का मेरे अभिभाष्य गिरधारीलाल शर्मा पुत्र श्री बंशीधर शर्मा निवासी-म.न 225 गली नं 8 मेन गणेश नगर, बालाजी कालेज के सामने, बैनाड रोड, जयपुर की ओर से खण्डन किया जाता है। मकान नं 29, शिव नगर, मुरलीपुरा जयपुर के समीप पश्चिम दिशा में स्थित खाली भूखंड संख्या 30 शिव नगर, मुरलीपुरा जयपुर)क्षेत्रफल 365.44 वर्गगज) शामलाती नहीं है बल्कि मेरे उक्त अभिभाष्य गिरधारीलाल शर्मा पुत्र श्री बंशीधर शर्मा के स्वामित्व (जे.डी.ए. पटटा) का है जो बतौर स्वामी काबिज है। उक्त भूखंड संख्या 30 शिव नगर, मुरलीपुरा जयपुर (क्षेत्रफल 365.44 वर्गगज) से प्रभूनारायण शर्मा का कोई संबध नहीं है। प्रभूनारायण शर्मा द्वारा बदनियतिपूर्वक उक्त सम्पत्ति को हडपने के लिये उक्त आम सूचना प्रकाशित कर मेरे उक्त अभिभाष्य के स्वामित्व के भूखंड संख्या 30 शिव नगर, मुरलीपुरा जयपुर (क्षेत्रफल 365.44 वर्गगज) के मालिकाना अधिकारो पर कुठाराघात किया है इस कारण पृथक से कानूनी कार्यवाही की जा रही है। मेरा उक्त अभिभाष्य उक्त भूखंड संख्या 30 शिव नगर, मुरलीपुरा जयपुर (क्षेत्रफल 365.44 वर्गगज) को बहैसियत मालिक हर प्रकार से उपयोग उपभोग करने व अन्तरित करने हेतु स्वंतत्र एवं कानूनन अधिकारी है, सूचित रहे।
तनूप कुमार गुर्जर (एडवोकेट) मो. 9829856110

NAME CHANGE

मैंने अपने पुत्र का नाम अनमोल सिंह से बदलकर अनमोल सिंह राठौड़ रख लिया है। भविष्य में उसे नये नाम अनमोल सिंह राठौड़ पुत्र गौरव सिंह राठौड़ के नाम से जाना-पहचाना जावें। निवासी-प्लाट नं. 69, ऑफिसर्स कैम्पस विस्तार, सिरसी रोड, जयपुर, राज.

I have changed my name Mohammed Shbbeer to Mohammed Shabbir for all purposes R/o 38, Jalupura, Choti Masjid, Jaipur-302001 (Raj.)

I Army no 15127954 Rank Ex Hav Bhawani Singh unit 108 Field Regt. S/o Gopal Singh R/o Village post Beri Bhangarh Tehsil & District Sikar That I have changed my son name From Deependra Singh To Deependra Singh Shekhawat (DOB 19/04/2005) vide affidavit dated 31 Jan. 2022 before district court Jaipur.

खोया पाया

मेरे जेडीए प्लॉट नं. 221, गोकुल नगर, जयपुर का मूल अलोटमेंट लेटर कहीं गुम हो गया। जिसे मिले सूचित करें नवल सिंह राजपूत मो.8946963376

I Kavita Srivastava Lost/Misplaced all my Documents including my 10th and 12th Marks Sheet in Transit in Barkat Nagar. If anybody Finds these Documents, Please Devliver it to 76, Shanti Niketen Colony, Kisan Marg, Jaipur, 302015. My Phone Number is: 9351562965

मेरा आवास संख्या 105/170 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का RHB अलॉटमेन्ट लेटर क्रमांक 2030 जारी दिनांक 12.03.1999 मेरे द्वारा कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें 9413151162

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय
राजस्थान आवासन मण्डल
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाष संख्या-0141-4901853
आम जाहिर सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा विकसित भूखण्ड संख्या 11/MB/200 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 128.00 वर्गमीटर का आवंटन श्री हनुमान सहाय पुत्र श्री नारायण जाति खाती को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 6989 दिनांक 16.01.2008 जारी किया गया था। उनके द्वारा कार्यालय उप पंजीयक, सांगानेर, प्रथम में दिनांक 27.12.2007 को उक्त भूखण्ड के संबंध में श्री नीरज कौशिक पुत्र श्री आर.सी. कौशिक को मुख्त्यारनामा आम नियुक्त किया गया, जिनके द्वारा उक्त विकसित भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, सांगानेर-प्रथम में दिनांक 17.01.2008 को करवाया गया। मुख्त्यारनामा आम श्री नीरज कौशिक पुत्र श्री आर.सी. कौशिक के द्वारा उक्त विकसित भूखण्ड का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री प्रतीम तम्बोली पुत्र डॉ. मदन गोपाल तम्बोली एवं श्रीमती शिवानी प्रतीम पत्नी श्री प्रतीम तम्बोली को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, सांगानेर, प्रथम में दिनांक 09.04.2008 को करवाया गया। श्री प्रतीम तम्बोली पुत्र डॉ. मदन गोपाल तम्बोली एवं श्रीमती शिवानी प्रतीम पत्नी श्री प्रतीम तम्बोली के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त विकसित भूखण्ड का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया हैं। अत उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री प्रतीम तम्बोली पुत्र डॉ. मदन गोपाल तम्बोली एवं श्रीमती शिवानी प्रतीम पत्नी श्री प्रतीम तम्बोली के पक्ष में उक्त विकसित भूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त तृतीय, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय
राजस्थान आवासन मण्डल
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाष संख्या-0141-4901853
आम जाहिर सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा विकसित भूखण्ड संख्या 11/MB/201 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 128.00 वर्गमीटर का आवंटन श्री हनुमान सहाय पुत्र श्री नारायण जाति खाती को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 6990 दिनांक 16.01.2008 जारी किया गया था। उनके द्वारा कार्यालय उप पंजीयक, सांगानेर, प्रथम में दिनांक 27.12.2007 को उक्त भूखण्ड के संबंध में श्री नीरज कौशिक पुत्र श्री आर.सी. कौशिक को मुख्त्यारनामा आम नियुक्त किया गया, जिनके द्वारा उक्त विकसित भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, सांगानेर-प्रथम में दिनांक 17.01.2008 को करवाया गया। मुख्त्यारनामा आम श्री नीरज कौशिक पुत्र श्री आर.सी. कौशिक के द्वारा उक्त विकसित भूखण्ड का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री प्रतीम तम्बोली पुत्र डॉ. मदन गोपाल तम्बोली एवं श्रीमती शिवानी प्रतीम पत्नी श्री प्रतीम तम्बोली को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, सांगानेर, प्रथम में दिनांक 09.04.2008 को करवाया गया। श्री प्रतीम तम्बोली पुत्र डॉ. मदन गोपाल तम्बोली एवं श्रीमती शिवानी प्रतीम पत्नी श्री प्रतीम तम्बोली के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त विकसित भूखण्ड का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया हैं। अत उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री प्रतीम तम्बोली पुत्र डॉ. मदन गोपाल तम्बोली एवं श्रीमती शिवानी प्रतीम पत्नी श्री प्रतीम तम्बोली के पक्ष में उक्त विकसित भूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त तृतीय, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय
राजस्थान आवासन मण्डल
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाष संख्या-0141-4901853
आम जाहिर सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा विकसित भूखण्ड संख्या 11/MB/226 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 128.00 वर्गमीटर का आवंटन श्री हनुमान सहाय पुत्र श्री नारायण जाति खाती को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 7000 दिनांक 16.01.2008 जारी किया गया था। उनके द्वारा कार्यालय उप पंजीयक, सांगानेर, प्रथम में दिनांक 27.12.2007 को उक्त भूखण्ड के संबंध में श्री नीरज कौशिक पुत्र श्री आर.सी. कौशिक को मुख्त्यारनामा आम नियुक्त किया गया, जिनके द्वारा उक्त विकसित भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, सांगानेर-प्रथम में दिनांक 17.01.2008 को करवाया गया। मुख्त्यारनामा आम श्री नीरज कौशिक पुत्र श्री आर.सी. कौशिक के द्वारा उक्त विकसित भूखण्ड का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री प्रतीम तम्बोली पुत्र डॉ. मदन गोपाल तम्बोली एवं श्रीमती शिवानी प्रतीम पत्नी श्री प्रतीम तम्बोली को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, सांगानेर, प्रथम में दिनांक 09.04.2008 को करवाया गया। श्री प्रतीम तम्बोली पुत्र डॉ. मदन गोपाल तम्बोली एवं श्रीमती शिवानी प्रतीम पत्नी श्री प्रतीम तम्बोली के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त विकसित भूखण्ड का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया हैं। अत उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री प्रतीम तम्बोली पुत्र डॉ. मदन गोपाल तम्बोली एवं श्रीमती शिवानी प्रतीम पत्नी श्री प्रतीम तम्बोली के पक्ष में उक्त विकसित भूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त तृतीय, जयपुर